SEC SE

XX - 1

# प्रश्न – पुस्तिका
# Question Booklet

अनुक्रमांक
Roll No.

प्रश्न–पुस्तिका क्रमांक
Booklet Sl. No.

130173

## SET
## A

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर
Candidate's Signature

कक्ष निरीक्षक के हस्ताक्षर
Invigilator's Signature

**प्रथम**
**FIRST**

समय : 2 घण्टे 30 मिनट
Time : 2 hours 30 mins

पूर्णांक : 150
Max. Marks : 150

नोट : **अभ्यर्थी प्रश्नपत्र हल करने से पूर्व इस प्रश्न-पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ तथा अंतिम पृष्ठ पर मुद्रित महत्वपूर्ण निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें।**

**Note : Before answering the questions, the candidate should read carefully the Important Instructions printed on the first page and on the last page of this Question Booklet.**

## महत्वपूर्ण निर्देश
## Important Instructions

1. सील खोलने के तुरन्त बाद प्रश्न-पुस्तिका की जाँच कर सुनिश्चित कर लें कि पुस्तिका में कोई त्रुटि तो नहीं है और पेज पूरे हैं। कोई त्रुटि पाये जाने पर इसकी जानकारी तुरन्त अपने कक्ष निरीक्षक को दें। आवश्यकतानुसार पुस्तिका बदल दी जायेगी।
2. अभ्यर्थी को कुल **150** प्रश्न हल करने हैं। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।
3. प्रश्न पत्र का हल दिये गये ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक पर देना है।
4. ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक भरने से पूर्व **ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक पर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें।**
5. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प दिये गये हैं। **सही एवं सर्वाधिक उचित विकल्प** छाँटकर ओ0एम0 आर0 उत्तर पत्रक में सही विकल्प वाले गोले को **नीली/काली स्याही** के बॉल प्वाइंट पेन से इस प्रकार काला करें कि स्याही गोले के बाहर न फैलने पाये।

1. Immediately after opening the seals, check to ensure that there is no defect in the Question Booklet and all the pages are intact. If any defect is detected, immediately inform the Room Invigilator. If necessary, the Question Booklet will be replaced.
2. The candidate has to answer **150** questions in all. Each question carries **1** mark.
3. Answer the questions in OMR answer sheet only.
4. **Read the instructions given in OMR answer sheet carefully** before answering.
5. There are four alternative choices against each question. Select the **correct** and **most appropriate choice** and mark it with **blue/black** ball point pen in the right bubble of the OMR answer sheet in such a way that ink does not spread out of the bubble.

SEC S

# बाल विकास एवं शिक्षण विज्ञान
# Child Development and Pedagogy



1. निम्नलिखित में से कौन सा सिद्धान्त संज्ञानात्मक विकास की चार प्रमुख अवस्थाओं का प्रतिपादन करता है?
   (A) पियाज़े का संज्ञानात्मक विकास का सिद्धान्त।
   (B) वायगॉट्स्की का सामाजिक विकास का सिद्धान्त।
   (C) कोहलबर्ग का संज्ञानात्मक विकास का सिद्धान्त।
   (D) बैन्डूरा का सामाजिक सीखने का सिद्धान्त।

2. कौन सी निम्नांकित गतिविधि स्थानिक बुद्धि से सम्बन्धित है?
   (A) मौखिक अनुनय
   (B) एक जटिल उपकरण को इकट्ठा करना।
   (C) परिकल्पना का विकास तथा परीक्षण।
   (D) भाँप लेना कि कब विनम्र होना है।

3. मन्द-बुद्धि बालकों हेतु कौन सी अभिप्रेरण प्रविधि अधिक उपयोगी होगी?
   (A) पुरस्कार एवं प्रशंसा
   (B) दण्ड
   (C) निन्दा
   (D) चुनौती

4. निम्नलिखित विशेषताओं में से कौन सी विशिष्ट बालकों की विशेषता नहीं है?
   (A) वे अपनी आयु के अधिकांश बच्चों से अधिक जल्दी व स्वतंत्र रूप से सीखते हैं?
   (B) उनका शब्दकोश अधिक विकसित होता है तथा उनके पढ़ने व लिखने के कौशल अधिक उन्नत होते हैं।
   (C) वे स्वयं को सामान्य उपलब्धि के मानकों से ऊपर नहीं रखते हैं।
   (D) वे चुनौतीपूर्ण व कठिन कार्यों में बहुत अभिप्रेरित रहते हैं।

1. Which theory proposes the four major stages of cognitive development?
   (A) Piaget's theory of cognitive development.
   (B) Vygotsky's theory of social development
   (C) Kohlberg's theory of cognitive development
   (D) Bandura's theory of social learning.

2. Which of the following activities is associated with spatial intelligence?
   (A) Verbal persuation
   (B) Assembling a complex appliance
   (C) Developing and testing hypothesis
   (D) Sensing when to be tactful

3. Which motivational technique will be more useful for slow learners?
   (A) Award & appreciation
   (B) Punishment
   (C) Condemnation
   (D) Challenge

4. Which of the following is not a characteristic of gifted children?
   (A) They learn more quickly and independently than most students of their own age.
   (B) They often have well-developed vocabulary, as well as advanced reading and writing skills.
   (C) They do not hold themselves to higher than usual standards of achievement.
   (D) They are very motivated, especially on their tasks that are challenging or difficult.

5. निम्नलिखित में से कौन शिक्षण कौशलों की विशेषता नहीं है?
   (A) शिक्षण कौशल शिक्षक क्रियाओं अथवा व्यवहारों से सम्बन्धित होते हैं।
   (B) शिक्षण कौशल छात्रों के सीखने में सहायता एवं सुगमता प्रदान करते हैं।
   (C) शिक्षण कौशल कक्षा शिक्षण व्यवहार की सभी इकाइयों से सम्बन्धित होते हैं।
   (D) शिक्षण कौशल शैक्षिक विशिष्ट उद्देश्यों को प्राप्त करने में सहायक होते हैं।

6. निम्नलिखित में से कौन सा कथन शिक्षण की प्रकृति की सटीक व्याख्या नहीं करता है?
   (A) शिक्षण एक अंतःक्रिया है।
   (B) शिक्षण कला और विज्ञान दोनों ही है।
   (C) शिक्षण एक विकासात्मक प्रक्रिया है।
   (D) शिक्षण केवल शिक्षक के लिए ही उपयोगी है।

7. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन अधिगम को स्पष्ट रूप से परिभाषित करता है?
   (A) अधिगम प्रक्रिया तथा परिणाम है।
   (B) अधिगम एक सतत् प्रक्रिया है।
   (C) अधिगम व्यवहार परिवर्तन की प्रक्रिया है।
   (D) उपरोक्त सभी।

8. निम्नलिखित में से कौन-सी शिक्षण विधि नहीं है?
   (A) प्रश्नोत्तर विधि
   (B) साक्षात्कार विधि
   (C) ब्रेन स्टॉर्मिंग विधि
   (D) अन्वेषण विधि

5. Which of the following is not a special feature of teaching skills?
   (A) Teaching skills are related to actions or behaviours of teachers.
   (B) Teaching skills provide assistance and ease to students in learning.
   (C) Teaching skills are related to all units of classroom teaching behaviour.
   (D) Teaching skills are helpful in achieving the specific educational objectives.

6. Which of the following statements does not define the nature of teaching exactly?
   (A) Teaching is interaction.
   (B) Teaching is both an art as well as science.
   (C) Teaching is a developmental process.
   (D) Teaching is useful for the teacher only.

7. Which of the following statements clearly defines learning?
   (A) Learning is both process and product.
   (B) Learning is a continuous process.
   (C) Learning is a process of change in behaviour.
   (D) All the above.

8. Which of the following is not a teaching method?
   (A) Question-answer method
   (B) Interview method
   (C) Brain storming method
   (D) Discovery method

9. निम्नलिखित में से शिक्षण के सूत्र कौन से हैं?
   1. ज्ञात से अज्ञात की ओर।
   2. स्थूल से सूक्ष्म की ओर।
   3. सरल से जटिल की ओर।
   4. पूर्ण से अंश की ओर।
   (A) (1) और (3)
   (B) (1) और (4)
   (C) (2), (3), (4)
   (D) उपरोक्त सभी

10. निम्नलिखित में से कौन से कारक व्यक्तित्व को प्रभावित करते हैं?
   (i) दैहिक या वंशानुक्रम संबंधी कारक
   (ii) मनोवैज्ञानिक कारक
   (iii) पर्यावरणी कारक
   (iv) प्रयोगात्मक कारक
   (A) (i) व (ii)
   (B) (i), (ii) व (iii)
   (C) (i), (iii), (iv)
   (D) (ii), (iv)

11. शिक्षा मनोविज्ञान का ज्ञान एक शिक्षक के लिए आवश्यक है, क्योंकि यह-
   (A) नवीन शिक्षण तकनीकियों का ज्ञान प्रदान करता है।
   (B) समस्त शैक्षिक समस्याओं का सफलतापूर्वक समाधान करने में सहायता करता है।
   (C) मूल्यांकन की नवीन तकनीकियों को सीखने में शिक्षक की सहायता करता है।
   (D) शिक्षक को स्वयं को समझने में सहायता करता है।

9. Which of the following are the maxims of teaching?
   1. From known to unknown.
   2. From concrete to abstract.
   3. From easy to difficult.
   4. From whole to part.
   (A) (1) and (3)
   (B) (1) and (4)
   (C) (2), (3), (4)
   (D) All the above

10. Which of the following factors affect personality?
   (i) Physical or hereditary determinants
   (ii) Psychological determinants
   (iii) Environmental determinants
   (iv) Experimental determinants
   (A) (i) & (ii)
   (B) (i), (ii) & (iii)
   (C) (i), (iii), (iv)
   (D) (ii), (iv)

11. The knowledge of Educational Psychology is necessary for a teacher because it -
   (A) Provides knowledge about new teaching techniques.
   (B) Helps to solve all types of educational problems successfully.
   (C) Helps the teacher to learn new evaluation techniques.
   (D) Helps the teacher to know himself.

12. वृद्धि और विकास की प्रक्रियाओं के सन्दर्भ में कौन सी बात सही है?
    (A) दोनों प्रक्रियायें प्राकृतिक हैं।
    (B) वृद्धि, प्राकृतिक प्रक्रिया है तथा विकास में बाह्य कारक की आवश्यकता होती है।
    (C) यदि वृद्धि संतोषजनक है तो विकास स्वतः हो जाता है।
    (D) दोनों प्रक्रियाएँ बिना बाह्य हस्तक्षेप के साथ-साथ चलती हैं।

13. व्यक्तित्व के विकास में विरासत तथा परिवेश की भूमिका के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन सी बात सही है?
    (A) अच्छी विरासत, बुरे परिवेश की क्षतिपूर्ति कर सकती है।
    (B) विरासत तथा परिवेश का योगदान बराबर होता है।
    (C) बुरा परिवेश, अच्छी विरासत को दबा सकता है।
    (D) अच्छा परिवेश, बुरी विरासत की क्षतिपूर्ति कर सकता है।

14. निम्नलिखित में से किसने बौद्धिक विकास को आयु से सम्बन्धित बताया है?
    (A) जेरौम एस. ब्रूनर
    (B) जीन पियाजे
    (C) डेविड आसुबेल
    (D) हिल्डा ताबा

15. किसी वयस्क के आक्रामक व्यवहार को देखने मात्र से बच्चे आक्रामकता सीख लेते हैं। यह विचार किसका है?
    (A) केटल
    (B) ऑलपोर्ट
    (C) डोलार्ड और मिलर
    (D) बांदुरा और उसके साथी

12. Which of the following is true for the processes of growth and development?
    (A) Both are natural processes.
    (B) Growth is natural while development needs external intervention.
    (C) If growth is satisfactory, development follows.
    (D) Both the processes go together without any external intervention.

13. In the context of the role of heredity and environment in personality development, which of the following is true?
    (A) Good heredity can make up for poor environment.
    (B) Heredity and environment have equal contribution.
    (C) Poor environment can suppress good heredity.
    (D) Good environment can make up for poor heredity.

14. Who among the following described the intellectual development as age related development?
    (A) Jerome S. Bruner
    (B) Jean Piaget
    (C) David Ausubel
    (D) Hilda Taba

15. Children could learn to be aggressive simply by observing an adult behaviour aggressively. This point of view is held by -
    (A) Cattel
    (B) Allport
    (C) Dollard and Miller
    (D) Bandura and his associates

16. कोहलबर्ग के नैतिक विकास सम्बन्धी सिद्धान्त के अन्तर्गत निम्नलिखित में से कौन सी बात उस सिद्धान्त की एक अवस्था नहीं है?
   (A) संवेदी प्रेरक
   (B) प्राक् - रुढ़िगत
   (C) रुढ़िगत
   (D) पश्च - रुढ़िगत

17. एक छात्र गणित के प्रश्न करते हुए एक प्रश्न पर अटक गया। कुछ समय सोचने के बाद अचानक उसे युक्ति सूझी तथा समस्या हल हो गई। इस प्रकार के अधिगम को कहते हैं -
   (A) सक्रिय अनुबन्धन
   (B) क्लासिकीय अनुबन्धन
   (C) सूझ द्वारा अधिगम
   (D) श्रेणीबद्ध प्रविधि

18. विद्यार्थियों में पाई जाने वाली 'अधिगम शैलियों' में भिन्नता के कारण हो सकते हैं -
   (A) विद्यार्थी के सामाजीकरण की प्रक्रिया
   (B) विद्यार्थी द्वारा अपनाई जाने वाली चिन्तन की युक्तियाँ
   (C) परिवार का आर्थिक स्तर
   (D) बालक का पालन पोषण

19. निम्नलिखित में कौन सी मानसिक स्वास्थ्य की योग्यता नहीं है?
   (A) संतुलित, एकीकृत तथा समन्वित विकास
   (B) वास्तविकता की स्वीकृति
   (C) शेखी बघारना
   (D) नियमित दिनचर्या

16. Which one of the following is not a stage in Kohlberg's theory of moral development?
   (A) Sensory - motor
   (B) Pre-conventional
   (C) Conventional
   (D) Post-conventional

17. A student was solving the mathematical problems and got puzzled with one. After devoting sometime in thinking about the solution he suddenly got a clue and solved the problem. It is learning through-
   (A) Operant conditioning
   (B) Classical conditioning
   (C) Insight
   (D) Hierarchical Approach

18. Differences in 'learning styles' among learners may be attributed to –
   (A) Socialisation process of learner
   (B) Thinking strategies adopted by the learner.
   (C) Economic conditions of the family
   (D) Parenting of the child

19. Which is not the characteristic of a good mental health?
   (A) Balanced, integrative & Harmonious development
   (B) Acceptance of reality
   (C) Boasting
   (D) Regular life

20. उच्च स्तरीय ज्ञानात्मक कौशलों का विकास करने में निम्नलिखित में से कौन सा सर्वाधिक उपयुक्त है?
   (A) व्याख्या निदर्शन
   (B) भूमिका अभिनय
   (C) चर्चा सत्र
   (D) खोज अधिगम

21. विद्यार्थियों में समस्या समाधान योग्यता के पोषण का एक महत्त्वपूर्ण तरीका है -
   (A) विमर्शक अभिवृत्ति निर्माण को उत्प्रेरित करना।
   (B) उन समस्याओं पर बल देना जो उनके लिए वास्तविक हैं।
   (C) औपचारिक तर्कणा तकनीक का प्रशिक्षण देना।
   (D) सर्वमान्य उत्तर देने या स्वीकार करने से इन्कार करना।

22. पाठ्यक्रम से भाव है -
   (A) विद्यार्थी द्वारा स्कूल में प्राप्त किए गए सभी अनुभव।
   (B) विषय जिन्हें अध्यापक वर्ग द्वारा पढ़ाया गया।
   (C) कोर्स के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम।
   (D) कक्षा अनुभव, खेल और क्रीड़ाएँ।

23. NIVH सम्बन्धित है -
   (A) दृष्टि बाधितों से
   (B) अस्थि बाधितों से
   (C) श्रवण बाधितों से
   (D) मानसिक बाधितों से

24. पूर्व-भाषायी बधिरता होती है-
   (A) भाषा-अर्जन से पूर्व
   (B) भाषा-अर्जन के उपरान्त
   (C) जन्म से
   (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

20. Which one of the following is most appropriate to develop higher order cognitive skills?
   (A) Lecture demonstration
   (B) Role play
   (C) Discussion Session
   (D) Inquiry learning

21. One of the most important ways of fostering problem solving on the part of students is-
   (A) To stimulate the formation of critical attitude.
   (B) to emphasize problems that are real to them.
   (C) To provide them with formal reasoning techniques.
   (D) To refuse to give or to accpet answers.

22. Curriculum means -
   (A) All the experiences which students get in school.
   (B) Subjects that are transferred by the faculty.
   (C) Syllabus prescribed for the course.
   (D) Class experiences, sports and games.

23. NIVH is related to -
   (A) Visually handicapped
   (B) Orthopaedically handicapped
   (C) Hearing impaired
   (D) Mentally impaired

24. Pre-lingual deafness occurs-
   (A) Before acquisition of language
   (B) After acquisition of language
   (C) From birth
   (D) None of the above

25. श्रवण बाधितों के लिए कक्षा-कक्ष व्यवस्था का कौन सा आकार सबसे ज्यादा प्रभावशाली है?
   (A) वृत्ताकार
   (B) अर्ध वृत्ताकार
   (C) आयताकार
   (D) वर्गाकार

26. कौन सी अधिगम विशेषता मानसिक मन्द बालक की नहीं है?
   (A) धीमी गति से सीखना
   (B) शीघ्र भूलना
   (C) अनुकरण से सीखना
   (D) सामान्यीकरण की क्षमता

27. दृष्टि बाधितों के लिए एकीकृत शिक्षा का उद्देश्य है-
   (A) सामाजिक एकीकरण
   (B) सामाजिक मान्यता
   (C) (A) व (B) दोनों
   (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

28. एक बालक किसी कहानी के अनेक शीर्षक बताता है। उसमें योग्यता है -
   (A) वैचारिक प्रवाह की
   (B) अभिव्यक्ति प्रवाह की
   (C) साहचर्य प्रवाह की
   (D) शब्द प्रवाह की

29. डिसफेजिया है -
   (A) लेखन में समस्या
   (B) पठन में समस्या
   (C) गणना में समस्या
   (D) भाषायी असामान्यता

30. 'संज्ञान' जानने की प्रक्रिया है जिसमें सम्मिलित नहीं है-
   (A) सोचना
   (B) समझना
   (C) शेखी बघारना
   (D) समस्या समाधान

25. Which space of classroom arrangement is most effective for hearing impaired?
   (A) Circular
   (B) Semi-circular
   (C) Rectangular
   (D) Square shape

26. Which is not a learning characteristic of mentally retarded person -
   (A) Slow learning
   (B) Quick for getting short memory
   (C) Imitation learning
   (D) Ability to generalize

27. Aim of integrated education for visually impaired is -
   (A) Social integration
   (B) Social recognition
   (C) Both (A) and (B)
   (D) None of the above

28. A child tells many titles of a story. He has the ability of -
   (A) Ideational fluency
   (B) Expressional fluency
   (C) Associative fluency
   (D) Word fluency

29. Dysphasia is -
   (A) Inability to write
   (B) Inability to read
   (C) Inability to calculate
   (D) Language abnormality

30. 'Cognition' is the process of knowing which does not include -
   (A) Thinking
   (B) Understanding
   (C) Boasting
   (D) Problem solving

## भाषा प्रथम - हिन्दी

31. इ, ई, उ, ऊ किस प्रकार के स्वर हैं?
   (A) संवृत
   (B) अर्द्धसंवृत
   (C) विवृत
   (D) अर्द्धविवृत

32. मैथिल कोकिल किसे कहा जाता है?
   (A) सेनापति
   (B) विद्यापति
   (C) पद्माकर
   (D) घनानन्द

33. साहित्यिक अपभ्रंश को पुरानी हिन्दी नाम किसने दिया?
   (A) रामचन्द्र शुक्ल
   (B) हजारी प्रसाद द्विवेदी
   (C) राहुल सांकृत्यायन
   (D) महावीर प्रसाद द्विवेदी

34. अष्टछाप के कवियों में प्रथम नियुक्त कीर्तनकार कवि कौन थे?
   (A) नन्ददास
   (B) कृष्णादास
   (C) सूरदास
   (D) कुंभनदास

35. चौपाई छन्द पर आधारित 'रमैनी' के रचनाकार हैं-
   (A) बिहारी
   (B) रहीम
   (C) भूषण
   (D) कबीर

36. 'कपोत' शब्द का पर्यायवाची बताइए-
   (A) परभृत
   (B) पिक
   (C) पारावत
   (D) चंचरीक

37. किस शब्द में नञ् तत्पुरुष समास है?
   (A) अनभिज्ञ
   (B) अनुकूल
   (C) गंगाजल
   (D) धर्माधर्म

38. यण् सन्धि का उदाहरण है-
   (A) मतैक्य
   (B) अत्युत्तम
   (C) शयन
   (D) तन्मय

39. 'अंग्रेज' शब्द मूलतः किस भाषा का है?
   (A) हिन्दी
   (B) फारसी
   (C) तुर्की
   (D) फ्रैंच

40. निराला कृत 'राम की शक्ति पूजा' का आधार ग्रन्थ कौन है?
   (A) कम्बन रामायण
   (B) कृत्तिवास रामायण
   (C) रामचरितमानस
   (D) रामचन्द्रिका

41. 'चन्द्र सकलंक, मुख निष्कलंक,
   दोनों में समता कैसी।'
   उक्त पद में कौन सा अलंकार है?
   (A) रूपक
   (B) असंगति
   (C) व्यतिरेक
   (D) दीपक

42. 'द्विवेदी युग' का नामकरण किसके नाम से हुआ?
   (A) हजारीप्रसाद द्विवेदी
   (B) महावीर प्रसाद द्विवेदी
   (C) शान्ति प्रिय द्विवेदी
   (D) राम अवध द्विवेदी

43. 'अधिकार सुख कितना मादक और सारहीन है।' उक्त कथन जयशंकर प्रसाद के किस नाटक से लिया गया है?
   (A) चन्द्रगुप्त
   (B) स्कन्दगुप्त
   (C) अजातशत्रु
   (D) ध्रुवस्वामिनी

44. 'बोल्गा से गंगा' के लेखक का नाम बताइए-
   (A) रांगेय राघव
   (B) राहुल सांकृत्यायन
   (C) धर्मवीर भारती
   (D) राजेन्द्र यादव

**निर्देश** : निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्रश्न संख्या 45 से 49 तक) के सर्वाधिक उचित उत्तर वाले विकल्प का चयन कीजिए।

तुम मांसहीन, तुम रक्तहीन
हे अस्थिशेष! तुम अस्थिहीन,
तुम शुद्ध बुद्ध आत्मा केवल,
हे चिर पुराण! हे चिर नवीन!
तुम पूर्ण इकाई जीवन की,
जिसमें असारभव शून्य लीन,
आधार अमर होगी जिस पर
भावी की संस्कृति लीन।

45. प्रस्तुत काव्य पंक्तियों के रचनाकार का नाम बताइए-
   (A) धर्मवीर भारती
   (B) गजानन माधव 'मुक्तिबोध'
   (C) सुमित्रानन्दन पन्त
   (D) मैथिलीशरण गुप्त

46. 'तुम मांसहीन, तुम रक्तहीन' से क्या भाव व्यक्त होता है?
   (A) जड़ता
   (B) दुर्बलता
   (C) पारमहंस्य स्थिति
   (D) विचारहीनता

47. 'हे चिर पुराण! हे चिर नवीन!' में कौन सा अलंकार है?
   (A) विपर्यय
   (B) विभावना
   (C) विरोधाभास
   (D) असंगति

48. 'पूर्ण इकाई जीवन की' का भावार्थ क्या है?
   (A) जीवन के अन्तिम लक्ष्य की प्राप्ति
   (B) सम्पूर्ण व्यक्तित्व का विकास
   (C) सामाजिक अनुभव प्राप्त करना
   (D) मानव जीवन की परिपक्वता

49. उपर्युक्त काव्यांश में कौन सा छन्द है?
   (A) मनहर
   (B) मुक्त छन्द
   (C) गीतिका
   (D) तोमर

**निर्देश** : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्रश्न संख्या 50 से 54 तक) के सर्वाधिक उचित उत्तर वाले विकल्प का चयन कीजिए।

शिक्षा चाहती है कि उसको अपने समाज से जोड़ा जाय, लोगों से जोड़ा जाय और हर विद्यार्थी को ऐसी लोकोन्मुख दृष्टि दी जाय कि सर्वोदय को अपना धर्म-कर्म मानने लगे। दरअसल यह समझना जरूरी है कि शिक्षा को शिक्षित करने का सबसे बड़ा स्थान समाज ही है। समाज की करुण कथाएँ एवं समाज में गरीब से गरीब का अर्थशास्त्र शिक्षा को शिक्षित करने में समर्थ है। शिक्षा के लिए तथ्य और तत्व दोनों ढूँढ़ने का सही स्थान समाज ही है। समाज में रहने वाले विलक्षण प्रतिभाशाली लोगों से पृथक कोई भी शैक्षिक व्यवस्था अपने को सम्पन्न नहीं बना सकती। समाज के विश्लेषण से ही सच्ची शिक्षा सम्पन्न हो सकती है। इस तरह से शिक्षा अपने को सींचने का दाना-पानी समाज से ले सकती है और समाज को कुछ वापस कर सकती है। ऐसी लोकोपयोगी शिक्षा समाज को और फिर राष्ट्र को ओजस्वी और तेजस्वी बनाने में सफल होगी।

50. शिक्षा की सर्वोच्च अभिलाषा क्या है?
   (A) छात्र को आदर्श की ओर उन्मुख करना।
   (B) छात्र को आत्मनिर्भर बनाना।
   (C) छात्र में समाजोन्मुखी दृष्टिकोण विकसित करना।
   (D) छात्रों को कौशल विकास की दिशा प्रदान करना।

51. लोकोन्मुख दृष्टि का क्या आशय है?
   (A) समाजिक परंपराओं का बोध।
   (B) समाज के बहुमुखी विकास की सोच।
   (C) लौकिक विकास के प्रति चिन्तनपरता।
   (D) लोकादर्शों से परे कार्य करने का भाव।

52. 'गरीब परिवार का अर्थशास्त्र' शिक्षा को शिक्षित करने में कैसे समर्थ हो सकता है?
   (A) शैक्षिक नियोजन में सर्वोदय के बिन्दुओं को समाहित करने से।
   (B) शिक्षा व्यवस्था में अधिक धन आबंटित करने से।
   (C) गरीब परिवारों को आर्थिक मदद करने से।
   (D) गरीबी के मूल कारणों का विश्लेषण करने से।

53. राष्ट्र को तेजस्वी कैसे बनाया जा सकता है?
   (A) शिक्षा के व्यापक प्रचार और प्रसार से।
   (B) विभिन्न सामाजिक स्रोतों से यथेष्ठ संसाधन जुटाने से।
   (C) महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेने से।
   (D) समाज में व्याप्त बुराइयों के निराकरण से।

54. 'लोकोन्मुख' शब्द में कौन सी सन्धि है?
   (A) यण् सन्धि
   (B) गुण सन्धि
   (C) अयादि सन्धि
   (D) वृद्धि सन्धि

55. निम्नांकित में से सही विकल्प का चयन कीजिए-
   (A) भाषा के पाठ्यक्रम में प्रारम्भ से ही व्याकरण की शिक्षा का प्रावधान होना चाहिए।
   (B) व्याकरण भाषा का नियंत्रक होता है।
   (C) व्याकरण का क्रमबद्ध ज्ञान आवश्यक है।
   (D) भाषा के व्याकरण का मूल तत्व है-शब्द ज्ञान।

56. भाषा का प्रारम्भिक बोध होता है-
   (A) अनुकरण एवं श्रवण से
   (B) पठन-पाठन से
   (C) चिन्तन एवं मनन से
   (D) अध्ययन-अध्यापन से

57. छात्रों के वर्तनीजन्य दोषों के निराकरण का उपयोगी उपागम है-
   (A) बुद्धि परीक्षण
   (B) गृहकार्य का निरीक्षण
   (C) छात्र-शिक्षक संवाद
   (D) उपचारात्मक शिक्षण

58. भाषा शिक्षण का ज्ञानात्मक उद्देश्य बताइए-
   (A) छात्रों में भाषा के प्रति सम्मान जागृत करना।
   (B) छात्रों में एकता का भाव जागृत करना।
   (C) देश की मूलभूत संस्कृति से परिचित कराना।
   (D) छात्रों को देश के विभिन्न भाषायी लोगों से संपर्क योग्य बनाना।

59. कविता शिक्षण का मुख्य उद्देश्य है-
   (A) छात्रों को भाषा के शास्त्रीय पक्ष का ज्ञान कराना।
   (B) छात्रों को भावानुसार वाचन की दक्षता प्रदान करना।
   (C) छात्र की उदात्त भावनाओं का संवर्धन व रसानुभूति।
   (D) छात्र की आंगिक चेष्टाओं को परिष्कृत करना।

60. कक्षा शिक्षण में प्रश्नोत्तर प्रणाली का सबसे बड़ा लाभ है-
   (A) छात्रों की प्रतिभागिता रहती है।
   (B) समय का सदुपयोग होता है।
   (C) छात्र अध्ययन के प्रति सचेत व अभिमुख रहते हैं।
   (D) शिक्षक का श्रम बचता है।

## First Language – English

**Direction (Q. No. 31 to 35)** : Read the passage given below and answer the questions that follow by selecting the most appropriate option–

Every year, a large number of Siberian cranes come to the bird sanctuary at Bharatpur. Year after year, in the beginning of winter these birds cover thousands of miles from Siberia in the north of Russia to come to Bharatpur, and then, as winter ends, they once again return to their original habitat, without making any mistake in the direction they have to take in their long flights. It is surprising how these birds find their way over such long distances, especially when vast stretches of land happen to be covered with clouds so that familiar landmarks, which could have guided them, are not even visible. The same phenomenon has been observed in other parts of the world as well. By way of experiment, light metal rings with specific information are put on the legs of some migratory birds, and it is observed that they keep returning to the winter sanctuary year, after year without fail. Pigeons are well known for finding their way back home inspite of all odds. At one time, it was believed that they could find their way with the help of familiar landmarks which they had seen and remembered. In an experiment, some pigeons were carried to a considerable distance in cages covered with black cloth so that they could not see anything on the way. However, when they were released, they still managed to come back to the place from where they had been taken away in covered cages. To check whether the pigeons remembered the direction of movement even when they could not see anything, another experiment was undertaken. To confuse their sense of direction, some pigeons were carried in an aeroplane and then released. Many of them still managed to return home on their own.

31. When do the Siberian cranes come to the Bharatpur sanctuary?
    (A) In the end of winter
    (B) In the beginning of summer
    (C) In the beginning of winter
    (D) In the beginning of spring

32. What is the original habitat of the cranes?
    (A) Bharatpur in India
    (B) Siberia in the north of Russia
    (C) Mongolia in the north of China
    (D) Morocco in the north of Africa

33. How was it known that the same cranes returned to Bharatpur year after year?
    (A) By putting light metal rings with special information on the legs of these birds.
    (B) By carrying them to a considerable distance in cages covered with black cloth.
    (C) By carrying them in an aeroplane and then releasing them.
    (D) By blind folding them and carrying them to a long distance.

34. Find in the the passage words that mean- (i) astonishing (ii) noticed
    (A) believed, remembered
    (B) surprising, observed
    (C) managed, undertaken
    (D) released, taken

35. Which of the following options is correct :
    Migratory pigeons can't
    (A) see anything on the way
    (B) remember familiar landscape
    (C) fly long distances
    (D) live at one place all the time

**Direction (Q. No. 36 to 40)** : Read the poem given below and answer the questions that follow by selecting the most appropriate option–

I heard a thousand blended notes,
While in a grove I sat reclined,
In that sweet mood when pleasant thoughts
Bring sad thoughts to the mind
To her fair works did Nature link
The human soul that through me ran
And much it grieved my heart to think
What man has made of man
Through primrose tufts, in that green bower,
The periwinkle trailed its wreaths;
And 'tis my faith that every flower
Enjoys the air it breathes.
The birds around me hopped and played
Their thoughts I cannot measure;
But the least motion which they made
It seemed a thrill of pleasure.
The budding twigs spread out their fan,
To catch the breezy air,
And I must think, do all I can,
That there was pleasure there.
If this belief from heaven be sent
If such be Nature's holy plan,
Have I not reason to lament
What man has made of man?

36. What kind of feelings does the poet have after being in the midst of nature?
(A) Happy feelings
(B) Sad feelings
(C) Mixed feelings
(D) Painful feelings

37. Where did the poet hear the melodious music?
(A) in a bower
(B) in the breezy air
(C) in a grove
(D) under the primrose tufts

38. As per the poem, which of the following statements is correct-
(A) Humans have treated other humans in barbaric ways
(B) Pleasure is everywhere
(C) Humans do not enjoy nature
(D) Nature is beautiful and its plan is divine

39. What is the synonym of the words -
(i) lament (ii) hopped
(A) welcome, dived
(B) satisfaction, romped
(C) regret, jumped
(D) guilt, swam

40. Point out the figure of speech in the line "And 'tis my faith that every flower Enjoys the air it breathes".
(A) Simile
(B) Oxymoron
(C) Metaphor
(D) Personification

41. Language acquisition occurs only when-
(A) The child is taught the rules of grammar
(B) The child is given a reward
(C) The child has exposure to the language
(D) The child absorbs the language without conscious attention.

42. "Interactive" listening is -
(A) Listening and responding
(B) Listening for mode of tone
(C) Listening for word stress and emphasis
(D) Listening for finding out speaker's attitude

43. To teach grammar, the most appropriate grammar that a teacher can use is -
(A) Traditional grammar
(B) Modern grammar
(C) Pedagogic grammar
(D) No grammar is needed

44. Study of meaning in a language is known as -
   (A) Syntax
   (B) Morphology
   (C) Linguistics
   (D) Semantics

45. Good evaluation of written material should not be based on -
   (A) Linguistic expression
   (B) Logical presentation
   (C) Ability to reproduce whatever is read
   (D) Comprehension of subject

46. Audio-visual aids help_____students in the class
   (A) Playful
   (B) Curious
   (C) Intelligent
   (D) Slow-learning

**Direction (Q. No. 47)** : Rearrange the following words and phrases to form a meaningful sentence. Choose the correct alternative sentence.

47. light up / in every home / good / the lamp / books / magazines / and / of / knowledge
   (A) Good books of magazines knowledge light up in every home the lamp knowledge.
   (B) Good books knowledge magazines of light up the lamp knowledge in every home.
   (C) Good books and magazines light up the lamp of knowledge in every home.
   (D) Good books and magazines in every home light up the lamp of knowledge.

**Direction (Q.No. 48)** : Choose the most suitable option that describes the meaning of the following underlined idioms and phrases:

48. On the eve of inspection, everything was kept in <u>apple pie order.</u>
   (A) In random order
   (B) In ascending order
   (C) In descending order
   (D) In perfect order

**Direction (Q. No. 49)** : In the following sentence choose the <u>antonym</u> to the underlined word.

49. Excessive praise has the same impact as too many <u>extrinsic</u> rewards.
   (A) Reputable
   (B) Acquired
   (C) Ambitious
   (D) Inherent

**Direction (Q. No. 50)** : Select the most suitable <u>conjunction</u> and fill in the blank.

50. I was tired, ________ I managed to finish the work.
   (A) and
   (B) although
   (C) but
   (D) because

**Direction (Q. No. 51)** : Select the correct alternative which can be substituted for the sentence below.

51. A person who eats too much -
   (A) Glutton
   (B) Nibbler
   (C) Cannibal
   (D) Omnivore

52. Choose the word with the incorrect spelling–
(A) Accomodate
(B) Bizzare
(C) Chauffeur
(D) Fluorescent

53. Choose the word with the correct spelling-
(A) Idiosyncracy
(B) Pavillion
(C) Supercede
(D) Caribbean

**Direction (Q. No. 54)** : Select the word nearest in meaning to the underlined part.

54. The rain has brought <u>respite</u> to the people–
(A) work
(B) despite
(C) relief
(D) hatred

**Direction (Q. No. 55)** : Choose the correct <u>pronoun</u> (reflexive) to complete the sentence.

55. We don't have an electrician; we can fix the light by– – –
(A) herself
(B) himself
(C) myself
(D) ourselves

**Direction (Q. No. 56-57)** : Choose the correct <u>auxiliary</u> or <u>modal verb</u> out of the given alternatives -

56. Andy _______ eat five slices of pizza in just one meal.
(A) must
(B) have to
(C) should
(D) can

57. I know how to do my work. She _______ help me .
(A) don't have to
(B) hasn't to
(C) hasn't got to
(D) doesn't have to

**Direction (Q. No. 58)** : Select the most appropriate word to fill in the blanks in the given sentence-

58. It would be unwise to _______ the plan at this stage.
(A) grasp
(B) abandon
(C) craggy
(D) clutch

**Direction (Q. No. 59-60)** : In the following questions select the most suitable option for indirect narration.

59. I said to him, "Why are you working so hard?"
(A) I asked him why he was working so hard.
(B) I asked him why was he working so hard.
(C) I asked him why had he been working so hard.
(D) I asked him why he had been working so hard.

60. He said to her, "What a cold day!".
(A) He told her that it was a cold day.
(B) He announced that it was a cold day.
(C) He exclaimed sorrowfully that it was a cold day.
(D) He exclaimed that it was a very cold day.

# भाषा द्वितीय - हिन्दी

61. परूष का अर्थ होगा-
    (A) कोमल
    (B) दयालु
    (C) कठोर
    (D) विनम्र

62. 'जन्मान्ध' में कौन सा समास है?
    (A) सम्प्रदान तत्पुरूष
    (B) अपादान तत्पुरूष
    (C) सम्बंध तत्पुरूष
    (D) अधिकरण तत्पुरूष

63. जो किसी भाषा के लिखित एवं मौखिक रूपों का शुद्ध ज्ञान कराता है, उसे क्या कहते हैं?
    (A) शास्त्र
    (B) कला
    (C) व्याकरण
    (D) कौशल

64. लिपि किस भाषा का आधार है?
    (A) लिखित भाषा
    (B) मौखिक भाषा
    (C) सांकेतिक भाषा
    (D) मनो भाषा

65. 'कामायनी' के रचनाकार कौन हैं?
    (A) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'
    (B) सुमित्रा नंदन पंत
    (C) महादेवी वर्मा
    (D) जयशंकर प्रसाद

66. आदिकाल को 'वीरगाथा काल' की संज्ञा किसने प्रदान की ?
    (A) रामचंद्र शुक्ल
    (B) हजारी प्रसाद द्विवेदी
    (C) नामवर सिंह
    (D) सुमन राजे

67. हंस पत्रिका के संस्थापक सम्पादक कौन थे?
    (A) महावीर प्रसाद द्विवेदी
    (B) मुंशी प्रेमचंद
    (C) रामधारी सिंह 'दिनकर'
    (D) भवानी प्रसाद मिश्र

68. हिन्दी कैसी भाषा है?
    (A) वियोगात्मक
    (B) संयोगात्मक
    (C) दोनों
    (D) कोई भी नहीं

69. व्यक्ति वाचक संज्ञा का उदाहरण है-
    (A) रामायण
    (B) शिक्षक
    (C) लोहा
    (D) गाय

70. पूर्ण वर्तमान काल का उदाहरण है-
    (A) तुम जाते हो।
    (B) वह गया था।
    (C) उसने खाया है।
    (D) शायद तुमने देखा होगा।

71. 'जारज' का विलोम है-
    (A) अचिकित्स्य
    (B) औरस
    (C) अवरूद्ध
    (D) चैतन्य

72. 'जिसे मोक्ष की कामना हो' - के लिये उचित शब्द है-
    (A) मुमुक्षु
    (B) मुमूर्षा
    (C) मुमूर्षु
    (D) रिक्थ

73. वर्णिक छन्द का उदाहरण है-
    (A) सवैया
    (B) दोहा
    (C) सोरठा
    (D) बरवै

74. अर्थालंकार है-
(A) यमक
(B) व्यतिरेक
(C) वक्रोक्ति
(D) श्लेष

75. पूर्वी हिन्दी की बोली है-
(A) बघेली
(B) मगही
(C) बुंदेली
(D) भोजपुरी

76. अघोष वर्ण नहीं है-
(A) श, ष
(B) प, फ
(C) य, र
(D) ट, ठ

77. अल्पप्राण व्यंजन नहीं होता है-
(A) प्रत्येक वर्ग का पहला वर्ण
(B) प्रत्येक वर्ग का दूसरा वर्ण
(C) प्रत्येक वर्ग का तीसरा वर्ण
(D) प्रत्येक वर्ग का पाँचवां वर्ण

**निर्देश** - निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों (प्रश्न संख्या 78 से 82 तक) के सर्वाधिक उचित उत्तर वाले विकल्प का चयन कीजिए।

साहित्योन्नति के साधनों में पुस्तकालयों का स्थान अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इनके द्वारा साहित्य के जीवन की रक्षा, पुष्टि और अभिवृद्धि होती है। पुस्तकालय, सभ्यता के इतिहास का जीता जागता गवाह है। इसी के बल पर वर्तमान भारत को अपने अतीत गौरव पर गर्व है। पुस्तकालय भारत के लिये कोई नई वस्तु नहीं है। लिपि के आविष्कार से आज तक लोग निरन्तर पुस्तकों का संग्रह करते रहे हैं। पहले देवालय, विद्यालय, नृपालय इन संग्रहों के प्रमुख स्थान होते थे। इनके अतिरिक्त विद्वत्जनों के अपने निजी पुस्तकालय भी होते थे। मुद्रण कला के आविष्कार से पूर्व पुस्तकों का संग्रह करना आजकल की तरह सरल बात न थी। आजकल साधारण स्थिति के पुस्तकालय में जितनी सम्पत्ति लगती है, उतनी उन दिनों कभी-कभी एक-एक पुस्तक की तैयारी में लग जाया करती थी। भारत के पुस्तकालय संसार भर में अपनी सानी नहीं रखते थे। प्राचीन काल में मुगल सम्राटों के समय तक यही स्थिति रही। चीन-फारस प्रभृति सुदूर स्थित देशों से झुण्ड के झुण्ड विद्यानुरागी लम्बी यात्रायें करके भारत आया करते थे।

78. गद्यांश का उचित शीर्षक क्या हो सकता है?
(A) पुस्तकालय और भारत
(B) साहित्योन्नति के साधन
(C) सभ्यता के इतिहास का गवाह
(D) पुस्तकालय

79. पुस्तकालयों के द्वारा भारत को क्या गौरव प्राप्त था?
(A) ये संसार भर में अपनी सानी नहीं रखते थे।
(B) ये मुगल सम्राटों की प्रसिद्धि के कारणरूप थे।
(C) इनके कारण चीन, फारस आदि देशों से विद्यानुरागी भारत आया करते थे।
(D) इन्हीं के कारण भारत दुनियाँ में प्रसिद्ध था।

80. पुराने समय में पुस्तकालय में अधिक व्यय क्यों होता था?
(A) निजीकरण के कारण
(B) मुद्रण की व्यवस्था न होने के कारण
(C) सरकारी संरक्षण के कारण
(D) विदेशी यात्रियों के कारण

81. साहित्य की उन्नति का सबसे अधिक महत्वपूर्ण साधन क्या है-
(A) पुस्तकालय
(B) सभ्यता
(C) विद्यालय
(D) नृपालय

82. पुस्तकालय का प्रारम्भ कब से हुआ?
(A) मुद्रण कला के आविष्कार के साथ
(B) विद्यालय की स्थापना के साथ
(C) नृपालय की स्थापना के साथ
(D) लिपि के आविष्कार के साथ

**निर्देश** - निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों (प्रश्न संख्या 83 से 87 तक) के सर्वाधिक उचित उत्तर वाले विकल्प का चयन कीजिए।

प्रत्येक राष्ट्र की अपनी एक सांस्कृतिक धरोहर होती है, जिसके बल पर वह प्रगति के पथ पर अग्रसर होता रहता है। मानव युग-युग में अपने जीवन को अधिक सुखमय, उपयोगी, शान्तिमय और आनन्दपूर्ण बनाने का प्रयास करता रहता है। इस प्रयास का आधार वह सांस्कृतिक धरोहर होती है, जो प्रत्येक प्राणी को विरासत में मिलती है और इस प्रयास के फलस्वरूप मानव अपना विकास करता है। कुछ लोग सभ्यता और संस्कृति को एक ही मानते हैं। यह उनकी भूल है। यों तो संस्कृति और सभ्यता में घनिष्ठ सम्बन्ध है किन्तु संस्कृति मानव जीवन को श्रेष्ठ एवं उन्नत बनाने की साधनाओं का नाम है और सभ्यता उन साधनाओं के फलस्वरूप उपलब्ध हुई जीवन प्रणाली का नाम है। सभ्यता के अन्तर में बहने वाली विचारधारा को हम संस्कृति कह सकते हैं। संस्कृति अच्छी या बुरी हो सकती है। किसी राष्ट्र की सभ्यता का मूल्यांकन हम उसकी संस्कृति के आधार पर कर सकते हैं। प्रत्येक राष्ट्र की संस्कृति वहाँ की भौगोलिक परिस्थितियों पर निर्भर है। प्रकृति का मानव जीवन को प्रभावित करने में बड़ा महत्वपूर्ण हाथ रहता है।

83. इस अवतरण का उपयुक्त शीर्षक है-
   (A) सभ्यता
   (B) संस्कृत
   (C) सभ्यता और संस्कृति
   (D) राष्ट्र

84. 'धरोहर' का अर्थ है-
   (A) पूँजी
   (B) आनन्द
   (C) विरासत
   (D) साधना

85. किसी राष्ट्र की सभ्यता का मूल्यांकन हम किस आधार पर करते हैं-
   (A) धरोहर
   (B) संस्कृति
   (C) मानव जीवन
   (D) जीवन प्रणाली

86. सभ्यता व संस्कृति में क्या अन्तर है?
   (A) सभ्यता संस्कृति के अन्तर में बहने वाली विचारधारा है।
   (B) संस्कृति तथा सभ्यता में कोई अन्तर नहीं।
   (C) सभ्यता साधना है संस्कृति जीवन प्रणाली।
   (D) सभ्यता का सम्बन्ध जीवन के वाह्य पक्ष से है जबकि संस्कृति का आन्तरिक पक्ष से।

87. संस्कृति-
   (A) भौगोलिक परिस्थितियों पर निर्भर करती है।
   (B) राजनीतिक परिस्थितियों पर निर्भर करती है।
   (C) धार्मिक परिस्थितियों पर निर्भर करती है।
   (D) आर्थिक परिस्थितियों पर निर्भर करती है।

88. बालकों की भाषा संबंधी क्रमिक प्रगतियों का लेखा-जोखा रखना कहलाता है -
   (A) लिखित परीक्षा
   (B) मौखिक परीक्षा
   (C) उत्तर पुस्तिका
   (D) पोर्टफोलियो

89. भाषा का प्राथमिक रुप क्या है-
   (A) पढ़ना
   (B) बोलना
   (C) लिखना
   (D) इनमें से कोई नहीं

90. भावाभिव्यक्तिकरण का सर्वोत्कृष्ट साधन है -
   (A) लचीली भाषा
   (B) मुहावरेदार भाषा
   (C) विदेशी भाषा
   (D) मातृभाषा

## Second Language – English

61. In the following sentence, transform the given affirmative sentence into a negative sentence–

Every human has failings.

(A) Every human has no failings.

(B) There is no human without failings.

(C) There are humans with no failings.

(D) Humans have no failings.

62. Choose the appropriate active voice for the following sentence without changing its meaning–

It is said that there may be another World War.

(A) People say that there may be another World War.

(B) People said that there will be another World War.

(C) Another World War may happen.

(D) There may be another World War as people have said.

63. Choose the option with the most appropriate usage of article:

(A) I saw the U.S. plane yesterday.

(B) I saw a U.S. plane yesterday.

(C) I saw an U.S. plane yesterday.

(D) I saw plane yesterday.

64. In the following sentence, omit 'too' without changing its meaning and select the most appropriate option for it –

The fact is too evident to require proof.

(A) The fact is evident to require any proof.

(B) The fact is so true to require any proof.

(C) The fact is so evident that it does not require any proof.

(D) The fact does not require any proof.

65. Fill in the blank with the most suitable conjunction:

No nation can be perfectly well governed ________ it is competent to govern itself.

(A) before

(B) since

(C) till

(D) after

66. Pick out the most suitable preposition to fill in the blank :

You haven't complied ________ the regulations.

(A) of

(B) with

(C) to

(D) by

**Direction (Q.No. 67-71)** Read the given passage carefully and answer the questions that follow by selecting the most appropriate option –

Alice was a little girl with an imaginative and fertile mind. Once while sitting by her sister on the bank of the river she fell asleep. She dreamt that she was running across the field after a white, beautiful rabbit. She fell down a large rabbit hole and entered a strange land where she came across many odd characters and had many strange adventures. When she woke up she found herself lying on the bank with her head on her sisters lap. She told her sister about her curious and strange dream and her extraordinary adventure in that wonderland. The sister found no sense in her dream. It is futile to expect any sense or logic in the dreams of a little girl.

67. Give the exact synonym for the word fertile:
    (A) Futile
    (B) Fecund
    (C) Flabber
    (D) Floppy

68. What type of a girl is Alice:
    (A) Visionary
    (B) Realistic
    (C) Pedestrian
    (D) Attentive

69. What did Alice see in her dream:
    (A) Fairies are flying in the sky.
    (B) She is running with a furry fawn.
    (C) She is running with a white rabbit.
    (D) She is running with her sister.

70. What is the most appropriate title to the passage:
    (A) Alice's realism
    (B) Alice on the banks
    (C) Alice and her sister
    (D) Alice in wonderland

71. What does the phrase 'rabbit hole' mean in the given passage:
    (A) In a surreal situation
    (B) In a realistic situation
    (C) In a complex situation
    (D) In an agonizing situation

72. Metalinguistic awareness is:
    (A) The ability to think and talk about language
    (B) The ability to connect the distinctive sounds in words to letters
    (C) Understanding of the mapping principles between sounds and meaning.
    (D) The ability to recognize writing from other visual marks.

73. Which skills are receptive?
    (A) listening and speaking
    (B) listening and reading
    (C) reading and writing
    (D) writing and speaking

74. While translating a subject and using the translation in the mainstream curriculum, the benefit is:
    (A) promoting national identity
    (B) enriching linguistic capability and appreciation
    (C) enabling teachers who are not competent in the mainstream language to take class.
    (D) Standardizing cultural identity

75. For students to gain language skills from text books, the textbook learning should:
    (A) Correlate with assessment and achievement.
    (B) lead to using the textbook sparingly.
    (C) expose them to more literary reading.
    (D) become more cost-effective compared to technologically supported course.

76. The teaching of reading by associating characters or groups of characters with sound is the ________ method.
    (A) morphemic
    (B) phonic
    (C) direct
    (D) whole-language

77. Teachers can remediate for the students with language learning difficulty by:
    (A) focusing on individual progress with individual instruction.
    (B) Providing notes that are simplified
    (C) Initially giving information as reading only, no writing.
    (D) Conduct extra class for the students.

78. One who hates knowledge and reasoning is called:
    (A) Mercenary
    (B) Misanthrope
    (C) Misologist
    (D) Misogamist

79. The idiomatic expression 'A storm in a cup' means:
    (A) lose patience
    (B) A perfect situation
    (C) Small fuss on a big thing
    (D) Big fuss on a small thing

80. Read the following sentence carefully and pick out the correct figure of speech–
    Blue baby bonnets bobbed through the bayon.
    (A) Assonance
    (B) Alliteration
    (C) Hyperbole
    (D) Anaphora

81. Which of the following options best describes the figure of speech 'Synecdoche' –
    (A) Two contradictory terms used together
    (B) Gives human qualities to non-living things
    (C) Comparison between two unlike things
    (D) When a part is presented by a whole or, conversely the whole is presented by the part.

82. From the following options, pick out the one with the correct spelling –
